BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने 2021 में नया इक्विटी ऑफिस शुरू करने के लिए मंज़ूरी दी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 दिसम्बर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, अपने कर्मचारियों और नागरिकों के प्रयोग के लिए, , इक्विटी ऑफिस (Equity Office) की नींव रखकर, टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटी: ब्रैम्पटन एक मोजैक है (Term of Council Priority: Brampton is Mosaic), को आगे बढ़ा रही है। 9 दिसम्बर को, सिटी काउंसिल (City Council) ने इस नई पहलकदमी के लिए मंज़ूरी दी थी। यह सिटी के डायवरसिटी एंड इन्क्लूजन वर्कप्लान (Diversity & Inclusion Workplan) के कार्यान्वयन को तेज़ करेगा। सिटी को खुशी है कि इसके लिए, उसे, कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक इंप्लाइज, लोकल 831 (Canadian Union of Public Employees, Local 831); अमलगमेटेड ट्रांज़िट यूनियन, लोकल 1573 (Amalgamated Transit Union, Local 1573); और ब्रैम्पटन प्रोफेशनल फायर फाइटर्स एसोसिएशन, लोकल 1068 (Brampton Professional Fire Fighters Association, Local 1068) के सभी लेबर साझेदारों की समर्पित मदद मिल रही है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में इक्विटी ऑफिस, जाति, नसल, मूल स्थान, रंग, जातीयता मूल, विकलांकता, नागरिकता, संप्रदाय, लिंग, यौन निर्धारण, लिंग संबंधी पहचान, एक लिंग वाली पार्टनरशिप, उम्र, वैवाहिक स्थिति, पारवारिक स्थिति, इमीग्रेंट स्थिति, सार्वजनिक सहायता  की प्राप्ति, राजनीतिक संबंध, धार्मिक संबंध, साक्षरता के स्तर, भाषा और/या सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर विचार किए बिना, कार्यस्थल औपर समुदाय में रुकावटों को पहचान कर, उन्हें दूर करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

अन्य महत्वपूर्ण पहलकदमियों में, यह इस वर्ष स्थापित की गई, ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई के साथ-साथ, इंडीजीन्स रिकन्सिलिएशन (Indigenous Reconciliation) प्रोजेक्ट की मेजबानी भी करेगा।

इक्विटी ऑफिस, सभी व्यक्तियों के लिए निष्पक्ष और बराबरी के व्यवहार को सुनिश्चित करने पर काम करेगा और सिटी के अंदर और इसके निवासियों, दोनों के लिए एक जैसे वातावरण को बढ़ाएगा।

नवंबर 2019 में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, एक नया पांच-वर्षीय वर्कप्लेस डाइवरसिटी एंड इनक्लूजन स्ट्रैटजी एंड वर्क प्लान (Workplace Diversity and Inclusion Strategy and Work Plan) शुरू किया था। यह एक अधिक सम्मिलित, संगठनात्मक संस्कृति को विकसित करने के अवसरों के बारे में बताता है, जो यहां के लोगों को शामिल करता है, उनका विकास करता है और उन्हें सम्मान देता है और विविध कार्यबल को आकर्षित करता है।

2019 में, सिटी काउंसिल ने कैनेडियन सेंटर फॉर डायवरसिटी एंड इनक्लूजन (सी.सी.डी.आई.) (Canadian Centre for Diversity & Inclusion) (CCDI) के नेतृत्व वाली एक वर्कशॉप में हिस्सा लिया था। इस वर्कशॉप ने सिटी के कर्मचारियों के सर्वेक्षण पर अंतरदृष्टि प्रदान की, जो उन्होंने जनवरी से मार्च 2019 तक किया था। सी.सी.डी.आई. (CCDI) के विश्लेषण में फोकस ग्रुपों से प्रमाण, लीडरशिप एसेस्मेंट और संगठनात्मक परिपक्वता विश्लेषण भी शामिल किया गया था।

इस कार्यनीति की चार प्राथमिकताएं हैं:

- विविध कार्यबल और समुदाय को संतुलित करने में मदद करना, जिन्हें सिटी ऑफ ब्रैम्पटन सेवा देती है
- अधिक सम्मिलित वातावरण विकसित करना, जहां लोग अपनी बात कह सकें, रह सकें और प्रयास कर सकें
- प्रगति करने के लिए विविधता और समावेश के प्रति सभी कर्मचारियों की सचेतता और योग्यता को विकसित करना
- भरोसा, एकता, हिम्मत और जोश जैसे सिटी के मूल्यों को कायम रखकर, हमारी विलक्षणता और साझी सफलताओं का जश्न मनाना

जून 2020 में, सिटी काउंसिल ने, एंटी-ब्लैक जातिवाद के विरुद्ध अर्थपूर्ण कार्रवाई करने के लिए, सिटी की पहली ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई की शुरूआत की थी।

ब्रैम्पटन के विविध ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन प्रवासियों द्वारा निर्देशित, यह इकाई ऐसी प्राथमिकताएं और कार्य योजना स्थापित करेगी, जो ब्रैम्पटन में ब्लैक लोगों के साथ प्रणालीगत जातिवाद को जड़ से खत्म करे और ब्लैक समुदाय की सामाजिक, सांस्कितक और आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाए।

नवंबर 2020 में, सिटी, पांच गैर-लाभ सप्लायर सर्टीफिकेशन संगठनों: बाइ सोशल कैनेडा (Buy Social Canada); कैनेडियन एबओरिजिनल एंड माइनॉरिटी सप्लायर काउंसिल (Canadian Aboriginal and Minority Supplier Council); कैनेडियन गे एंड लेस्बियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (Canadian Gay and Lesbian Chamber of Commerce); इन्क्लूसिव वर्कप्लेस सप्लाई काउंसिल ऑफ कैनेडा (Inclusive Workplace Supply Council of Canada) और डबल्यू.बी.ई. कैनेडा, सर्टिफाइड वूमेन बिजनेस एंटरप्राइजेस (WBE Canada), (Certified Women Business Enterprises) की कार्पोरेट मेम्बर (Corporate Member) बन गई थी। ऐसा सिटी ने खरीद संबंधी प्रोजेक्ट्स पर बोली लगाने और ब्रैम्पटन में और कारोबार करने के लिए, सिटी, छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए बराबरी वाली पहुंच पैदा करने के लिए किया था। इनमें शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं, महिलाएं, इंडीजीन्स लोग, प्रत्यक्ष अल्प संख्यक, सेवानिवृत्त सैनिक, विकलांग व्यक्ति, LGBTQ2S-मालिकों वाले संगठन और सामाजिक उद्देश्य वाले एंटरप्राइज।

सिटी, 2021 के शुरू में इक्विटी ऑफिस की शुरुआत के बारे में और विवरण जारी करेगी।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन एक मोजैक है। हम सिटी में, हमारे सभी प्रोग्रामों, सेवाओं और पहलकदमियों में विविधता, बराबरी और समावेश लागू करना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नया इक्विटी ऑफिस, सिटी में और हमारे विविध समुदाय के अंदर रुकावटों को पहचान कर, उन्हें दूर करने के लिए काम करेगा और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि सभी निवासियों के साथ, निष्पक्ष और बराबरी वाला व्यवहार किया जाता है।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हमारे विविध समुदाय के लिए बिना रुकावटों वाला, अधिक बराबरी और समावेश वाला शहर बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इक्विटी ऑफिस, सभी व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष और बराबरी वाले व्यवहार को और सिटी के स्टाफ और सभी ब्रैम्पटन निवासियों के लिए एक सा वातावरण सुनिश्चित बनाने में मदद करेगा।"

*- हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10, चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"पूरे 2020 में, सिटी ने स्टाफ और निवासियों के लिए रुकावटें दूर करने, ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई की शुरुआत करने और सर्टिफाइड विविध कारोबारों के लिए, ब्रैम्पटन में अधिक अवसर पैदा करने के लिए काम किया है। नया इक्विटी ऑफिस, दूसरा महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करने में हमारी मदद करेगा कि हमारे शहर में हर किसी के साथ निष्पक्ष और बराबरी का व्यवहार किया जाता है।"

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, वाइस-चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, असाधारम तौर पर विविध समुदाय है। स्टाफ, टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटी: ब्रैम्पटन एक मोजैक है, को आगे बढ़ाना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नया इक्विटी ऑफिस, हमारी सिटी के जारी काम में अगला महत्वपूर्ण कदम है, ताकि ऐसी सम्मिलित संस्कृति विकसित की जा सके, जो यहां के लोगों को शामिल करती हो, उनका विकास करती है और जश्न मनाती हो और विविध कार्यबल को आकर्षित करती हो। मैं, इस महत्वपूर्ण लक्ष्य में सहयोग करने में, सिटी के लेबर साझेदारों की मदद के लिए उनका शुक्रगुजार हूं।"

*- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"इक्विटी ऑफिस यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का संगठनात्मक समुदाय, हमारे सभी मेम्बर्स के लिए समावेश वाला है। हम इसकी शुरुआत करने के लिए सिटी की हिमायत करते हैं और वह वातावरण देखने के लिए उत्साहित हैं, जो यह स्टाफ और निवासियों के लिए विकसित करेगा।"

*- कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक इंप्लाइज, लोकल 831*

"अमलगमेटेड ट्रांज़िट यूनियन, लोकल 1573, अपने सभी मेम्बर्स के निष्पक्ष और बराबरी वाले व्यवहार में यकीन रखती है। हमें सिटी की हिमायत करने पर गर्व है क्योंकि यह इक्विटी ऑफिस शुरू कर रही है और इसने अधिक समावेश वाला कार्यस्थल बनाने के लिए काम जारी रखा हुआ है।"

*- फ्रैंक वानी (Frank Vani), प्रेजिडेंट, अमलगमेटेड ट्रांज़िट यूनियन, लोकल 1573*

“सिटी का नया इक्विटी ऑफिस, कार्यस्थल में रुकावटों को पहचानकर, उन्हें दूर करने पर ध्यान केंद्रित करेगा और सभी के लिए एक सा वातावरण पैदा करेगा। ब्रैम्पटन प्रोफेशनल फायर फाइटर्स, इंटरनैशनल एसोसिएशन ऑफ फायर फाइटर्स, लोकल 1068, इस ऑफिस की शुरुआत के लिए सिटी की हिमायत करती है।”

*- पॉल लेकोम्पटे (Paul Lecompte), प्रेजिडेंट, ब्रैम्पटन प्रोफेशनल फायर फाइटर्स, इंटरनैशनल एसोसिएशन ऑफ फायर फाइटर्स, लोकल 1068*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca